सार-समाचार

कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

बीदासर (निस)राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सोनिका पुरोहित, जिला एवं सेशन न्यायाधीश शरद कुमार व्यास, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महेंद्र प्रताप भाटी अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार बीदासर के दड़ीबा की ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को कानूनी साक्षरता और संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता कायथ ने की। इस अवसर पर न्यायाधीश कायथ ने कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों को साइबर दुर्व्यवहार एवं ऑनलाइन गेमिंग के खतरों तथा स्कूली बच्चों के लिए सोशल मीडिया के खतरों, ऑनलाइन स्टॉकिंग व अन्य साइबर संबंधित कानूनी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों और सतर्कता के उपाय बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अधिकता महेश कुमार छापोला व पैनल अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक नथमल मीणा, न्यायालय कार्मिक रणवीर सिंह राठौड़ एवं संस्था निदेशक नवल किशोर मीणा भी उपस्थित थे।

चौहान नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने

चूरू (निसं)। चूरू नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के चुनाव हुए। चुनावों में चूरू जिले के नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष पद पर नगर पालिका रतननगर के वरिष्ठ सहायक मनोहर सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी रिछपाल सिंह चौधरी, आयुक्त अभिलाषा सिंह, अधिशासी अभियन्ता संरक्षिका पूर्णिमा यादव, संरक्षक इरफान अली, सुनील कुमार सोनी व फैडरेशन के अन्य सदस्य भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित थे। इस अवसर पर चौहान का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। निर्वाचन के पश्चात वक्ताओं ने प्रमुख रूप से जिलेभर में संगठन को मजबूत बनाने की बात पर बल दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौहान ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिलाया व साथ ही प्रदेश की नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लिए कर्मचारी समस्या समाधान केन्द्र खुलवाने के लिये राज्य सरकार से पत्राचार किये जाने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार मील ने किया।

पूर्व उप प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि मनाई

नोहर, (निसं)। ग्राम सुधार समिति ढढेला नोहर द्वारा जाट समाज भवन में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके सामाजिक और राजनीतिक जीवन में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चौधरी देवीलाल का जीवन संघर्ष, सेवा और जनहित के कार्यों के लिए प्रेरणादायक रहा है। इस अवसर पर गणपति बैटरी के संचालक भागमल तथा स्वर्गीय गंगाराम ढक्करवाल (सहारणों की ढाणी) के परिवार की ओर से जाट समाज भवन के लिए दो बैटरियां और इन्वर्टर सहित फिटिंग का सहयोग दिया गया, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 41000 रुपये बताई गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महंत योगी गोपालनाथ, सचिव प्रताप सिंह महरिया, कोषाध्यक्ष सुरेश गोदारा सहित सदस्य दयाराम सहू, जगदीश गढ़वाल, सुरेन्द्र सहारण, उपाध्यक्ष कृता गोदारा, दलीप बैनीवाल, अमरसिंह सहू, ओमप्रकाश कासनिया आदि उपस्थित रहे।

पैट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर बैठक

हनुमानगढ़, (निसं)। मध्य-पूर्व एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर एलपीजी एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग एवं वाणिज्य) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में विभिन्न उपभोक्ता वर्गों के लिए गैस आपूर्ति के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए। निर्णय अनुसार औद्योगिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत मासिक खपत का 40 प्रतिशत तथा होटल एवं रेस्टोरेंट्स को 60 प्रतिशत गैस की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही औद्योगिक श्रमिकों को प्रति श्रमिक अधिकतम 5 किलो के दो गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में कोयले के उपयोग पर भी जोर दिया गया। उद्यिमयों को आवश्यकता अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड से ई-ऑक्शन के माध्यम से मांग दर्ज कराने के लिए कहा गया, ताकि भारत सरकार से अतिरिक्त आवंटन के लिए अनुरोध किया जा सके। महाप्रबंधक श्री आकाशदीप ने इस संबंध में जानकारी दी।

मतदाता सूची में गड़बड़डी का आरोप

रतनगढ़ (निसं)। पालिका चुनाव 2026 की प्रकाशित मतदाता नामावली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश कुमावत ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है।ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान राजपत्र के अनुसार वार्डों की जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। कई वार्डों में जनसंख्या कम होने के बावजूद मतदाताओं की संख्या अधिक दर्शाई गई है, वहीं कुछ वार्डों में इसके विपरीत स्थिति सामने आई है। इसके अलावा, कुछ मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में जोड़े जाने की भी शिकायत की गई है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।नेताओं ने आरोप लगाया कि यदि इन त्रुटियों का समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आगामी चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मतदाता सूची का पुनः सत्यापन कर घर-घर सर्वे के माध्यम से सही आंकडे दर्ज किए जाएं।

निजी मोबाइल कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे मुसीबत बने

नोहर, (निसं)। निजी मोबाइल कंपनी द्वारा केबल डालने के लिए खोदे गए गड्ढे अब दुर्घटना के कारण बनते हुए दिखाई पडते हैं। यहां के टैगोर चोक मार्ग पर सोनी मंदिर के सामने पिछले तीन दिनों से खोदा गया गड्ढा आज तक नहीं भरा गए है। केबल डालने के बाद भी कई दिनों तक गड्ढे नहीं भरे जाते हैं। बारिश के इस मौसम में मार्ग पर बनी दुकानों के बेसमेंट में बरसाती पानी इन गड्ढों के कारण जा सकता है। इसके अलावा निजी माबाइल कम्पनी द्वारा किये गए इन गड्ढों के कारण बरसाती मौसम में कभी भी इस अत्यधिक व्यस्तम मार्ग पर दुर्घटना हो सकती है। जिसका खामियाजा स्थानीय प्रशासन को उठाना पड सकता है इसलिए समय रहते प्रशासन को भी सम्बन्धित निजी माबाइल कम्पनी पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समय रहते बचाव हो सके।

होनहारों का अभिनंदन

चूरू (निसं)। सरदारशहर तहसील के ग्राम बलाल के रा.उ.मा. विद्यालय में कक्षा 5,8,10,12 में सफल होने वाले होनहारों का प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़, स्टॉफ सदस्यों व गांव के प्रबुद्धजनों ने माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कक्षा 12 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सुनील, मनीषा व प्रियंका तथा कक्षा 10 में सुमन, पवन कुमार व रितिका नेहरा का सम्मान किया गया। इसके बाद डीजे के साथ स्कूल के विद्यार्थियों ने नाचते-गाते गांव के मुख्य मार्गो से रैली निकाली। विद्यालय स्टाफ की ओर से समस्त विद्यालय के विद्यार्थियों को खीर जलेबी खिलाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

चने की खरीद अव्यलस्थित हुई

नोहर, (निसं)। भूमि विकास बैंक के चेयरमैन व भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर बतलाया कि गांव में जहां चने के खरीद केंद्र है परंतु समिति के कर्मचारियों के द्वारा सामूहिक रूप से हड़ताल पर रहने की वजह से चने की खरीद नहीं हो पा रही है। किसानों के टोकन की समय सीमा भी खत्म हो रही है। इसलिए गांव में खरीद की कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है ताकि किसान अपने नजदीक फसल को बेच सके।

नेशनल एमएसएमई अवार्ड हेतु आवेदन मांगे

हनुमानगढ़, (निसं)। नेशनल एमएसएमई अवार्ड योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत विनिर्माण श्रेणी में 12 तथा विशेष श्रेणी के उद्यमों के लिए 14 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महाप्रबंधक आकाशदीप सिद्धू ने बताया कि इच्छुक उद्यमी योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, हनुमानगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

होनहारों का अभिनंदन किया, रथों के साथ जुलूस निकाला

चूरू (निसं)। स्थानीय श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय के बच्छावत ब्लॉक में मंगलवार को कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान अग्रेजी व हिन्दी दोनों माध्यमों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम वर्ग से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 44 विद्यार्थियों व 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 82 विद्यार्थियों का तथा हिन्दी माध्यम के कुल 11 विद्यार्थियों का प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड, जगदीश प्रसाद जांगिड, प्रधानाचार्य (हिन्दी माध्यम),विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, रविन्द्र सिंह शेखावत व लेखाकार सुरेश शर्मा ने तिलकार्चन कर माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया।

वहीं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार आमिर बियानी आर. भारत ब्रास बैंड सरदारशहर के निर्देशन में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विद्यार्थियों ने एक शानदार रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड ने बताया कि शैक्षिणक सत्र 2025-26 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं व कक्षा 10वीं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भव्य अभिनंदन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के छात्र-

स्थानीय श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय के बच्छावत ब्लॉक में कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

छात्राओं को 11 सुसज्जित रथों व लगभग 15 वाहनों में बैठाकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए एक भव्य रैली निकाली गई। यह रैली विद्यालय से रवाना होकर गढ़ चौराहा, सुभाष चौक, नई सडक, रेल्वे स्टेशन व धर्मस्तूप होते हुए वापस विद्यालय परिसर पहुँची। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा चूरू तहसील स्तर पर जारी कक्षा 12वीं (वाणिज्य वर्ग) में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 11 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थी हमारे विद्यालय के हैं, जो कि हम सभी विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है।

विद्यालय न्यास व इसके सदस्यों को साधुवाद देते हुए उन्होंने बताया कि विद्यालय न्यास की एक मात्र मंशा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाते हुए उन्हें उनके बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना है। वहीं यहाँ आयोजित होने वाली सह-शैक्षिणक गतिविधियाँ छात्र-छात्राओं को हर दिशा में प्लेटफार्म प्रदान करती है, ताकि वे अपनी रूचि व योग्यतानुसार खेल, संगीत, गायन, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस अवसर पर विद्यालय न्यास के मुख्य न्यासी बसंत पारख, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा, सचिव आनन्द बालाण सहित कलकता व दिल्ली के न्यासियों व सदस्यों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद धुआँ, विजय शर्मा, घनश्याम शर्मा, भवानी सिंह, इंतजार अली, आदिल खान, सुनील शर्मा, महेश शर्मा, कल्पना जांगिड, ज्योति मेडतिया, सीता सैनी सहित बडी संख्या में विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

अवकाश कटौती के विरोध में शिक्षकों का रोष

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के बैनर तले शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के विरोध में अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज शर्मा व मंत्री मुरलीधर अजमेरिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में निर्णय को अव्यावहारिक बताते हुए कडा विरोध जताया गया। संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू ने कहा कि भीषण गर्मी में स्कूल संचालन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, वहीं मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। शिक्षकों ने अवकाश कटौती वापस लेने, बकाया भुगतान करने व स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

सेवानिवृत विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे के नांगल पावर हाउस के बालाजी मंदिर प्रांगण में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक उपखंडीय अध्यक्ष दुर्गपाल सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी एडवोकेट मोतीलाल सैनी थे।

इस बैठक में सेवानिवृत विद्युत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर गहनता से विचार विमर्श हुआ। तथा समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित से पत्राचार करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

खराब मौसम के कारण अधिकांशतः कर्मचारी बैठक में नहीं पहुंच सके। सदस्य कोरम के अभाव में महत्वपूर्ण मुद्दे आगामी बैठक के लिए आरक्षित रखे गए। संघ के अध्यक्ष दुर्गपाल सिंह शेखावत ने आगंतुक सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सख्या 01 to 02-26-27 मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 27.04.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्याः** 01 **कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में 24 माह के लिए नापासर (छोड़कर)- नाथवाणा (छोड़कर) खण्ड पर स्टेशनों, सेक्शन, गैंग एवं समपारों पर पीने के पानी की आपूर्ति करने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 2586045.44 **धरोहर राशिः** Rs. 51700.00 **निविदा संख्याः** 02 **कार्य का नाम व स्थानः** सहायक मण्डल इंजीनियर, सूरतगढ़ के नियंत्रण में बैलास्ट डिपो रामसिंहपुर में आरडीएसओ ट्रेक बैलास्ट स्पेशिफिकेशन आइएस/आरडीएसओ-जीई/0001:2023 फरवरी-2023 के अनुसार 65 मिमी गेज मशीन द्वारा तोड़ी गयी रोड़ी गई 45500 घनमीटर रोड़ी की सप्लाई करना और उसकी रेलवे वैगनस / होपरस में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 93835350.00 **धरोहर राशिः** Rs. 1876700.00 **नोटः**- अन्य शर्ते रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। पत्राक- 128-W/WA/Supply of 45500 Cum/RMSR Depot/26 दिनाक 06.04.2026 499-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / सामान्य, उ. प. रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समयः** 29.04.2026 को 15:00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समयः** 29.04.2026 को 15.00 बजे के बाद **निविदा सं:** 01-EI-BKN-E-Tender-26-27 **कार्य का विवरणः** Electrical work in c/w provision of minimum essential amenities at various stations of BKN div to recoup shortfall in the jurisdiction of DEN/East/BKN, provision of high level island passenger platform & other passenger amenities between line no. 9 &10 & extension of platform no.6 at Hisar station, raising of PF no. 1 at Lahli & Bamla station to high level & extension to accommodate full length trains & raising of PF no. 1 at Dhana Ladanpur halt station & extension to 480 m, raising of rail level PF no. 1 at Jodhkan halt, Kharak halt & Bhojawas Halt station over BKN division along with extension to 480 m, raising of rail level PF no. 1 at Khabra Kalan halt, Nangal degrota halt, Nyoli kalan halt & Bajekan halt station along with extension to 480 m, provision of 6 m wide FOB at Jharli & 3 m wide FOB at Nangal Pathani halt station (double line section), provision of 3 m wide FOB at Manheru, Sudhrana, Kishangarh. Balawas, Patuwas Mehrana halt station (double line section) & provision of 6m wide FOB at Jatusana & 3m wide FOB at Fatehgarh Haryana halt station over Bikaner division. **अनुमानित लागत (रु):** ₹23523305/- **धरोहर राशि (रु):** ₹ 470500/- **निविदा दस्तावेज लागतः** Nil No. 69-Elect/BKN/E-Tender/2026-27 Dt. 06.04.2026 498-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

चूरू (निसं)। आज राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की उपशाखा चूरू द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा को प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वा के नेतृत्व में ग्रीष्मकालीन अवकाशों में कटौती को निरस्त करने एवं भीषण गर्मी में विद्यालय की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु उपखंड अधिकारी चूरू के माध्यम से प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल लाम्बा ने बताया कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 10 दिनों के ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधानों द्वारा विवेकाधीन अवकाश को एक दिन कम कर दिया गया है जिसकी वजह से राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों प्रतिकूल होने के कारण बच्चों का विद्यालय आना उनके स्वास्थ्य स्वास्थ्य के प्रतिकूल होगा।

मंत्री खादिम अली ने बताया कि पोषाहार और ट्रांसपोर्ट वाउचर का लंबे समय से बकाया भुगतान चल रहा है जिसका भुगतान अविलंब किया जाए।

कोषाध्यक्ष कमल कुमार रक्षक ने बताया कि उक्त मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए ताकि शिक्षकों और विद्यार्थियों को न्याय मिल सके इसके अभाव में संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर देवकरण फेगडिया,रणवीर सिंह मुनडिया, शेर सिंह पूनिया, कृष्ण कुमार इशरान, अयूब अली खान, भवानी सिंह, अशोक माहिच, असलम खान, जीतू सिंह , अनिल नैण आदि उपस्थित रहे।

प्रशासन ने गौरव पथ से टायर जब्त कर अतिक्रमण हटाया

- गौरव पथ पर रखे टायर से हो रहे पोल्यूशन एवं अवैध कब्जों पर प्रहार
- स्थानीय प्रशासन के अनेक बार नोटिस देने पर भी आमजन के लिए नहीं खाली किया जा रहा था मार्ग

नोहर, (निसं)। गौरव पथ पर टायर व्यापार कर अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने मंगलवार को सख्ती बरती क्योंकि बार-बार नोटिस से हटाने का कहने पर भी आम रास्ते से टायर नहीं हटाने पर उपखण्ड अधिकारी ने अपनी मौजूदगी में पालिका अधिषाशी अधिकारी एवं पालिका कर्मचारियों से जेसीबी एवं ट्रेक्टर ट्राली व अन्य संसाधनों में लादकर जब्त किये टायरों को सड़क की दोनों ओर से हटाना शुरु किया।

उप-खण्ड प्रशासन ने साफ शब्दों में गौरव पथ पर अवैध अतिक्रमण नहीं किए जाने को चेताया। ऐसा करने वालों पर लगातार कार्रवाई किए जाने के निर्देश नगरपालिका व पीडब्ल्यूडी को दिए गए हैं क्योंकि पास में ही रिहायशी इलाका होने से आगजनी व बीमारियां फैलने का खतरा हर समय बना रहता है। इसके अलावा यहां के निवासियों ने उप-खण्ड कार्यालय में इसे लेकर वाद भी दायर कर रखा है। जिसमें टायरों से वातावरण प्रदूषण के साथ लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं के चलते यहां से अवैध रखे गए टायर हटाने की मांग की गई थी। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में टायरों में पानी भरने से मच्छरों के पनपने से अनेक बीमारियों का लगातार फैलने अंदेशा बना रहता है। सेक्टर पांच के निवासी लगातार इसे लेकर सक्रिय थे। गौरव पथ पर शनि मंदिर की चारदिवारी पुजारी ने स्वतः हटाते हुए सहयोग किया। इस अवसर पर उप-खण् अधिकारी आइ.ए.एस राहुल श्रीवास्तव, अधिषाशी अधिकारी वसंत सैनी, पुलिस प्रशासन व अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

न्याय मांग रहे किसानों पर मधुमक्खियों का हमला

मलसीसर/झुंझुनूं (निसं)। न्याय की गुहार लगा रहे किसानों का शांतिपूर्ण धरना उस वक्त अफरा-तफरी में बदल गया, जब प्रदर्शन स्थल पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। अलसीसर गांव में सरसों की तैयार फसल को आग के हवाले किए जाने के विरोध में किसान मलसीसर तहसील कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे थे। तभी पास के पेड़ पर बने छत्ते से निकली मधुमक्खियों ने सैकडों किसानों को निशाना बना लिया। देखते ही देखते पूरा धरना स्थल चीख-पुकार और भगदड़ में तब्दील हो गया। जान बचाने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। मधुमक्खियों के डंक से कई किसान और बुजुर्ग घायल हो गए, वहीं कुछ की हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाना पड़ा।

अलसीसर गांव के एक किसान की सालभर की मेहनत - सरसों की तैयार फसल - को असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाकर राख कर दिया गया था। इस घटना से गुस्साए किसान ने दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। धरने में आसपास के दर्जनों गांवों से बडी संख्या में किसान, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुई थी।

मधुमक्खियों का अचानक हमला, मच गया हडकंप - धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, लेकिन अचानक पास के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से हजारों मक्खियां निकलकर प्रदर्शनकारियों पर टूट पड़ी। हमला इतना तेज था कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते नजर आए, जिससे मौके पर अराजक स्थिति बन गई।

बुजुर्गों पर सबसे ज्यादा असर, कई अस्पताल में भर्ती - मधुमक्खियों के डंक का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग किसानों पर पड़ा। कई लोगों को शरीर पर कई-कई डंक लगे, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। घायलों को तत्काल निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

इस अफरा-तफरी के बीच अलसीसर निवासी राजकुमार ने साहस और मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने खतरे की परवाह किए बिना मौके पर फंसे 2-3 बुजुर्ग किसानों को सुरक्षित बाहर निकाला और खुद आगे बढ़कर घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई। एक ओर जहां किसानों की मेहनत की फसल जलाकर राख कर दी गई, वहीं दूसरी ओर न्याय मांगने पहुंचे किसानों को मधुमक्खियों के हमले का सामना करना पड़ा। यह घटना न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाती है, बल्कि किसानों की पीड़ा और असुरक्षा को भी उजागर करती है।

साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी

तारानगर (निसं)। तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा व सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिँह ने मंगलवार को "साईबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच" विषय पर ट्रांसफॉरमेटिव ट्ययूजडे नामक राजव्यापी प्रमुख कार्यक्रम के तहत कस्बे के दो निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 8वीं से 12वीं तक कक्षा के विद्यार्थियों के बीच साईबर, विधिक जागरूकता विषयों पर चर्चा की।

कार्यक्रम में संतोष कुमार मीणा ने बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी, साईबर अपराधों व साईबर ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता है इस के उपायों के बारें में बताया इसके साथ साथ ये भी बताया कि 'विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि वे कानून के प्रति जागरूक होंगे और डिजिटल दुनिया में सावधानी बरतेंगे तभी एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

ऑनलाइन नामांतरण चालू करवाने की मांग, ज्ञापन दिया

बीदासर (निस)तहसील के ग्राम पंचायत के प्रशासकों ने मंगलवार को उपखंड कार्यालय में जिला कलक्टर के नाम का ज्ञापन देकर आनलाइन नामांतरण चालू करवाने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने जिला कलक्टर के नाम से दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि बीदासर तहसील के समस्त राजस्व ग्रामों में आनलाइन सर्वेक्षण सेटलमेंट का काम दिसंबर 2025 में संपूर्ण हो गया था। दिसंबर 2025 से आज तक आनलाइन नामांतरण बंद है। जिसके कारण किसी भी प्रकार के आनलाइन नामांतरण नही हो रहे है। आनलाइन नामांतरण नही होने के कारण आमजन को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। क्योंकि नामांतरण नही होने के कारण बैंक से केसीसी नही हो रही है।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ जिला चूरू

प्रा.पत्र सं. संख्या 217/2025

प्रमिला आदि बनाम नेतराम आदि

प्रार्थना पत्र धारा 111, 128 राज. भू राजस्व अधिनियम

नोटिस बनाम

1. नेतराम पुत्र मोहन, 2 मनरूप पुत्र जेठा, 3. जगन्ता पत्नी गुगनराम जाति नायक, 4 सन्तोष देवी, 5. धर्मवीर, 6. सुरेश, 7. कृष्णा, 8. चन्द्रकलां, 9. ववली, 10. शकुंतला पि. मन्दरूप जाति खाती समस्त निवासी श्योपुरा तहसील राजगढ़ (चूरू)

प्रार्थीगण ने आपके विरूद्ध प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111, 128 राज. भू राजस्व अधिनियम के तहत इस न्यायालय में पंजीकृत किया है।

आप इस न्यायालय मे दिनांक 27.04.2026 को दिन मे 10:00 बजे सुबह प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) हो सकते हैं या जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित (सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल /मुरजाई का दावा/प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या सुनवाई के प्रार्थना पत्र या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर कर रहे हैं तो आप ऐसे दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध) की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह नोटिस आज दिनांक 17:03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मोहर अदालत

उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ (चूरू)

रेलवे अंडरपास बना सुविधा से ज्यादा आफत

- जान जोखिम में डालकर रेल पटरियां पार करने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे

नोहर, (निसं)। यहां पुलिस थाने के पास बना रेलवे अंडरपास अब आमजन के लिए आफत बना हुआ है। पालिका की ओर से रोज साफ सफाई नहीं होने के कारण धूल-मिट्टी, कचरा बना रहता है, वहीं जरा सी बारिश में अंडरपास के भीतर पानी भर जाता है। जिस कारण अंडरपास से आवागमन ठप्प सा हो जाता है।

आलम यह है कि स्कूल जाने वाले बच्चों को अंडरपास के ऊपर रेलवे लाइन को पार कर जाना पडता है। इससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। क्योंकि सुबह 8:30 के बीच ट्रेन का समय है और इस समय बच्चे स्कूल जाते हैं। बारिश के दिनों में रेलवे अंडर पास में जब पानी भरा रहता है और कीचड पसरा रहता है। आमजन को मजबूरन रेलवे लाइन के ऊपर से होकर गुजरना पड़ रहा है।

लेकिन लोगों की इस परेशानियों से नगर पालिका प्रशासन को कोई सरोकार नहीं ऐसा प्रतित होता है। क्योंकि बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी रेलवे अंडरपास की सफाई नहीं हो रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया की नगर पालिका प्रशासन अपनी हठधर्मिता को छोड़कर अगर सप्ताह में एक बार भी इस रेलवे अंडरपास की रोजाना सफाई करवा दे तो लोगों को धूल नहीं फांकनी पड़ेगी।

लेकिन नगर पालिका प्रशासन है कि कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही है। अगर भविष्य में रेलवे लाइन को पार करते समय किसी प्रकार का कोई हादसा हो जाता है तो क्या नगर पालिका प्रशासन इसकी जिम्मेदारी लेगा? नागरिकों ने उपखंड अधिकारी से इस मामले में संज्ञान लेकर आमजन को राहत देने की मांग की है।

नागरिकों ने बताया की रेलवे अंडरपास के उस पार दर्जनों कॉलोनियां, स्कूल- कॉलेज तथा आमजन के खेतों के जाने का रास्ता है। यही नहीं पूरा रीको क्षेत्र भी इस और स्थित है। जिसके चलते हजारों की संख्या में रोजाना लोगों का आवागमन और वाहनों के आवाजाही लगी रहती है।

इसके अलावा थाने के सामने रेलवे अंडर पास को जोड़ने वाली सडक के बीच भी गहरे खड्डे हो रहे हैं। उबड खाबड होने के कारण यहां अक्सर दुपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिरते रहते हैं। जिस कारण कई लोग चोटिल हो रहे हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान दे ही नहीं रहा है।

अब लोगों की उम्मीद यहां के उप-खण्ड अधिकारी से बनी हुई है कि वह इस वार्ड एक के वासीदों को इस मुसीबत से निजात दिलाएंगे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21154800 दिनांक :-19.03.2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री साहब राम पुत्र श्री सुरजा राम जाति निवासी वार्ड नं.13 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने का आवासीय भूखण्ड साईज 1867.75 वर्गफुट में से 1556 वर्गफुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत श्री सुरजाराम पुत्र श्री बीरबल राम जाति सुथार के नाम से साईज 1867.75 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री सुरजाराम की मृत्यु दिनांक 19.04.2005 को व श्रीमती शान्ति पति श्री सुरजाराम का 05.11.2025 व भोजराज पुत्र श्री सुरजाराम का 17.02.2018 को, श्रीमती शारदा पति श्री भोजराज का 02.08.2016 को हो चुकी है जिनके जायज वारीस श्री कृष्णलाल, अमरचन्द, मोहनलाल, साहबराम, दर्शना पुत्र-पुत्री श्री सुरजाराम, श्री महेन्द्र, सुरेन्द्र, कमल, रीटा पौत्र-पौत्री श्री सुरजाराम। उक्त वारिसो ने अपना 4/6 हिस्सा यानि 1556 वर्गफुट जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 06.03.2026 द्वारा उक्त भूखण्ड श्री साहबराम पुत्र श्री सुरजाराम को दान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21445969 दिनांक :-07.04.2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन कुमारी पति श्री अशोक कुमार जाति जाट निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने सैक्टर धानमण्डी विस्तार योजना का व्यवसायिक भूखण्ड सं. ई-25 साईज 1375 वर्गफुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती राजदीप कौर पति श्री बलविन्द सिंह के नाम से साईज 25'गुणा 55' फुट का जारीशुदा है। श्रीमती राजदीप कौर ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा 05.07.2004 द्वारा श्रीमती सावित्री पति श्री नन्दलाल को बैचान कर दिया। श्रीमती सावित्री ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.02.2026 द्वारा श्रीमती सुमन कुमारी पति श्री अशोक कुमार को बैचान कर दिया। जिसका अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय, झुन्झुनू, जिला झुन्झुनू (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी श्री सुनिल कुमार पंचोली, आर.एच. जे. एस.

सिविल विधिक प्रकरण (उत्तराधिकार) संख्या 86/25

1. कुलदीप स्वामी पुत्र श्री केदारमल स्वामी, निवासी गोपाल जी का मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.)
2. कुमोद पुत्री श्री केदारमल पत्नी सोहन जेठाराम संघवी, निवासी गोपाल जी का मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी संघी कॉलोनी क्वॉटर नम्बर बी-3 संघी अबदासा कच्छ संघीपु गुजरात।
3. बिन्दु पुत्री श्री केदारमल पत्नी रघुवीर, निवासी गोपाल जी के मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल 75 वार्ड न. 4 एस.जे.एस. मिल्स लि. मुनिराबाद ग्रामीणा जिला कोपल कर्नाटका।
4. रामलाल स्वामी पुत्र श्री मालीराम, निवासी ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू
5. हरलाल पुत्र मालीराम, निवासी गोपीनाथ जी का मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.)
6. किशोरीलाल पुत्र मालीराम, निवासी गोपीनाथ जी का मंदिर ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.)
7. संतोष पुत्री मालीराम पत्नी बृजमोहन स्वामी, जाति स्वामी, निवासी गोपाल जी का मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी किशोरपुरा जिला सीकर।
8. मुन्नी पुत्री मालीराम पत्नी कृष्ण बिहारी स्वामी, जाति स्वामी, निवासी गोपीनाथ जी का मंदिर, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी 23 डी चन्द्र महल कॉलोनी आमेर गैस एजेन्सी अम्बर जयपुर राजस्थान।
9. माना देवी पुत्री भुरदास पत्नी हरीप्रसाद स्वामी जाति स्वामी निवासी नागल तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं राजस्थान।

आवेदकगण

बनाम

1. हर आम व खास
2. कविता पुत्री मालीराम पत्नी महेश, निवासी गोपाल जी का मोहल्ला, वार्ड नं. 3, ककराना, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल निवासी कमला नेहरू नगर पुराना हाउसिंह बोर्ड पाली जिला पाली राजस्थान। 306401
3. स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर हाल भारतीय स्टेट बैंक, शाखा गुढ़ा गौड़जी, जरिये शाखा प्रबन्धक।

अनावेदकगण

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सार्वजनिक सूचना

उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रहलाद का अविवाहित रहते हुये देहन्ता हो चुका है। मृतक प्रहलाद पुत्र भुरदास का विपक्षी संख्या 3 भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुढ़ागौड़जी के यहां बचत खाता संख्या 51064625099 में जमा राशि 3,98,000/- रूपये मय ब्याज प्राप्त करने के लिये प्रार्थी संख्या 1 कुलदीप स्वामी के हक में उतराधिकार प्रमाण पत्र हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विपक्षी संख्या 3 भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुढ़ागौड़जी के यहां बचत खाता संख्या 51064625099 में जमा राशि 3,98,000/- रूपये नय ब्याज बाबत प्रार्थी संख्या 1 कुलदीप स्वामी के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30/4/26 को उपस्थित होकर ऐतराज प्रस्तुत करे। अन्यथा प्रार्थी 1 के पक्ष में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और एतराज समाहत नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28/3/26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

मोहर अदालत

न्यायालय के आदेश से मुंसरिम, जिला न्यायाधीश, झुन्झुनू